तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार 27 सितंबर 2025



12 धोखाधड़ी के फरार आरोपी को कांकेर पुलिस ने...






12 स्ट्रीट फूड वेंडर्स एवं खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण, ...






## नवरात्रि विशेष



### पंचमी: स्कंदमाता

देवी मां का पांचवा स्वरूप स्कंदमाता का है। स्कंदमाता को ही महेश्वरी, गौरी और पार्वती कहते हैं। भगवान स्कंदजी बालरुप में इन्हीं के गोद में विराजते हैं। सौभाग्य की देवी स्कंदमाता असुरों का दमन करने वाली और परम वैभवशाली है। सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी होने के कारण इनका उपासक अलौकिक तेज और कांति से संपन्न हो जाता है। कथा है कि एक बार असुर तारकासुर ने घोर तपस्या करके ब्रह्माजी से अक्षत जीवन का वर ले लिया था। बह्माजी ने वरदान तो दे दिया पर कहा कि आना-जाना तो इस सृष्टि का नियम है। इससे कोई नहीं बच सकता। इस पर धूर्त तारकासुर ने वर मांगा कि उनकी मौत हो तो सिर्फ शिवजी के पुत्र के हाथों। बह्माजी ने भी तथास्तु कह दिया। अब तारकासुर निरंकुश हो गया। उसने सोचा न तो शिव कभी विवाह करेगे और उसकी मौत होगी। तारकासुर ने ऐसा उत्पात मचाया कि सारा संसार त्राहि-त्राहि कर उठा। देवगण शिवजी की शरण में पहुंचे और सार व्यथा-कथा कह सुनाई। उनके काफी अनुनय-विनय सदाशिव ने साकार रुप धारण कर पार्वतीजी से विवाह रचाया। कालांतर में शिव-पार्वती कार्तिकेय या स्कंदकुमार ने तारकासुर को यमलोक पहुंचाया। स्कंदमाता के स्वरुप के साथ ही माता और पुत्र संबंध की नींव पड़ी। पांचवे नवरात्र को इन्ही स्कंदमाता की पूजा होती है। शास्त्रों में पांचवे नवरात्रि को पुष्कल का महत्व बताया गया है। स्कंदमाता की चार भुजाएं है। इनका वर्ण शुभ्र है। स्कंदमाता की आराधना के समय साधक मन विशुद्ध चक्र में अवस्थित रहता है। स्कंदमाता की पूजा करने वाले भक्तों का मन सांसारिक मोहमाया की आरधना का मंत्र है-

नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।

शुभ्रदास्तु सदा देवी स्कंदमाता यशस्विनी।।

## विशेष ग्राम सभा में सामाजिक बहिष्कार का लिया निर्णय

# धर्म परिवर्तित कर चुके परिवारों को जामगांव की सभा में मूलधर्म में लौटने की दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बासनवाही

जनपद पंचायत नरहरपुर के ग्राम पंचायत जामगांव में 26 सितम्बर को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस सभा की अध्यक्षता ग्राम सभा अध्यक्ष हरिचंद्र कुंवर ने की। कार्यवाही प्रारंभ होने से पूर्व महात्मा गांधी के छायाचित्र पर पुष्पहार अर्पित कर पूजा-अर्चना किया यगा और उनके आदर्शों को नमन करते हुए बैठक का शुभारंभ किया गया।

- धर्मांतरण के विषय पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया

ग्राम सभा में सर्व समाज उपाध्यक्ष रामचंद मंडावी एवं कंवल सिंह नाग ने धर्मांतरण के विषय पर विस्तार से विचार रखे। उन्होंने कहा कि गांव में धर्म परिवर्तन कर चुके लोगों को अपने मूल धर्म और परंपराओं में वापिस लाने का प्रयास किया जाना चाहिए। इस दौरान ग्रामवासियों से अपील की गई कि समाज की एकता और परंपराओं को सुरक्षित रखने के लिए सभी लोग मिलकर कार्य करें। ग्राम सभा के दौरान धर्मांतरण कर चुके परिवारों को विशेष रूप से बुलाकर उनसे चर्चा किया गया। उन्हें समझाने का प्रयास किया गया कि वे अपने देवी-देवताओं, रीति-रिवाजों और संस्कृति को अपनाएं और गांव की परंपराओं से जुड़े रहें, किंतु धर्मांतरण कर चुके लोगों ने स्पष्ट रूप से कहा कि वे ईसाई धर्म को मानते रहेंगे और वापिस लौटने के लिए तैयार नहीं हैं। उनके इस निर्णय के बाद ग्रामवासियों ने आपसी सहमति से यह कहा कि जो परिवार गांव की संस्कृति और रीति-रिवाजों को नहीं मानते, उनके पास कोई काम करने नहीं जाएगा और न ही उन्हें गांव के सामूहिक कार्यों में बुलाया जाएगा। ग्रामवासियों ने एक स्वर में कहा कि समाज को मजबूत और संगठित बनाए रखने के लिए अपने धर्म, संस्कृति और परंपरा के प्रति आस्था बनाए रखना आवश्यक है।



### जामगांव में चल रहा विवाद

जामगांव में कुछ माह पहले धर्मातरित व्यक्ति के शव को दफन को लेकर विवाद हुआ था और विवाद इतना गहरा गया था कि गांव के लोग आक्रोशित होकर प्रार्थना स्थल में इसलिए तोड़फोड़ किया था कि आमआदमी की जमीन को हथिया लिया था। तोड़फोड़ करने वाले ग्रामीणों ने इस तरह का आरोप लगाया था। यह मामला बहुत गरमाया था। इस मामले को निपटाने के लिए समन्वय बनाकर कार्य करने की बात सामने आ रही है।

### सरपंच और ग्रामीण रहे मौजूद

आयोजित विशेष ग्राम सभा में लिए गए निर्णय का पालन करने की बात कही गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत जामगांव की सरपंच भगवती ब्रह्मानंद उईके, ग्राम पटेल, गायता सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। ग्राम सभा में गांव की सामाजिक एकता, परंपराओं की सुरक्षा और आने वाली पीढ़ियों को सही दिशा देने पर जोर दिया गया।

# बांदे सहकारी समिति में किसानों का सूखती घोटाले पर भारी आक्रोश, जांच की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पखांजुर

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बांदे में आयोजित आम सभा में किसानों ने पिछले वर्ष की धान खरीदी में हुए कथित करोड़ों रुपए के घोटाले को लेकर जमकर हंगामा किया और अपना भारी आक्रोश व्यक्त किया। किसानों ने धान संग्रहण केंद्र प्रभारी पर धान की सुक्ति (नमी या सूखत) के नाम पर करोड़ों के बंदरबांट का गंभीर आरोप लगाते हुए तत्काल उच्च-स्तरीय जाँच की मांग किया है। बांदे में लैंपस की 26 सितंबर को आयोजित आमसभा में समिति से जुड़े सैकड़ों किसान, ▸▸|शेष पेज 10 पर



### सीईओ रहे अनुपस्थित, जताई नाराजगी

आम सभा में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के सीईओ रवि पंसारी की अनुपस्थिति पर भी ग्रामीणों ने भारी रोष व्यक्त किया। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द उनकी समस्याओं का समाधान करने की मांग किया। किसानों ने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया और धान खरीदी में हुए कथित घोटाले की उच्च-स्तरीय जांच नहीं हुई, तो वे उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई

ITI KANKER

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

गढ़ पिछवाड़ी रोड, कांकेर, (छ.ग.)

89595-93930 • 89595-44444





This Festive Season
Bring Home

THE GLOW OF FORTUNE

CHHATTISGARH'S
Most Favourite Jeweller

SUMEET
JEWELLERS

हम गढ़ते हैं विश्वास

RAIPUR | DURG | RAJIM | RAJNANDGAON | KORBA

## खबर संक्षेप

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत 23 वर्षीय माधव उइके ने 24 सितंबर को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मुरडोंगरी निवासी विश्राम उइके ने पुलिस को बताया कि मृतक ने अज्ञात कारणो के चलते पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### रजत जयंती वर्ष एवं सेवा पखवाड़ा के तहत आज जनपद स्तरीय पेंशन समाधान शिविर

**कांकेर।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिले में रजत जयंती वर्ष एवं सेवा पखवाड़ा के तहत जिले के सभी जनपदों में पेंशन समाधान शिविर का आयोजन 27 सितम्बर को किया जाएगा। समाज कल्याण कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार शिविरों के माध्यम से नवीन पेंशन हेतु आवेदन, नॉन डीबीटी से डीबीटी, हितग्राहियों को मोबाइल नंबर का संकलन, आधार सीडिंग, बैंक खाता खोलना, आधार कार्ड बनवाना, आधार सुधार, डीएलसी सत्यापन, मृत हितग्राहियों की जानकारी का संकलन, विभागीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार, विवाह प्रोत्साहन, सहायक उपकरण, कैलिपर्स हेतु आवेदन, आंकलन एवं वितरण, परिवार सहायता आवेदन आदि का कार्य किया जाना है। उप संचालक समाज कल्याण ने बताया कि शिविर में दिव्यांगजन, वृद्धजन का स्वास्थ्य परीक्षण आंकलन एवं सहायक उपकरण वितरण भी किया जाएगा। वृद्धजन के आयुष्मान कार्ड तथा दिव्यांगजनों के बस परिवहन पास हेतु आवेदन, राशन कार्ड बनाए जाने हेतु आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। उक्त शिविर में सभी पात्र हितग्राही उपस्थित होकर शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं।

### एसोसिएशन ने मनाया वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे

**जगदलपुर।** महारानी अस्पताल परिसर के शहीद गुंडाधुर सभागार में गुरूवार को विश्व फार्मासिस्ट एसोसिएशन जिला बस्तर के तत्वाधान में विश्व फार्मासिस्ट दिवस का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. महेश सांडिया, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बस्तर डॉ. संजय बसाक, विशिष्ट अतिथि के रूप में सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक महारानी अस्पताल डॉ. संजय प्रसाद और एनसीडी के नोडल अधिकारी डॉ. भंवर शर्मा के साथ डीपीएम डॉ. रीना लक्ष्मी शामिल रहे। बस्तर जिला फार्मासिस्ट एसोसिएशन के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत कर विश्व फार्मासिस्ट दिवस के बारे में उपस्थित सभी लोगों को बताया गया।

पेज 9 का शेष...

### बांदे सहकारी समिति...

स्थानीय जनप्रतिनिधि, लैंपस मैनेजर एवं कर्मचारी की उपस्थित में किसानों के आक्रोश का मुख्य केंद्र सूक्ति के नाम पर कथित वित्तीय अनियमितताएँ थीं। किसान असित सरकार और लखन देवनाथ ने कहां कि धान खरीदी के दौरान उनसे प्रति क्विंटल धान पर ढाई किलो अतिरिक्त धान सूक्ति के नाम पर लिया गया। उनका दावा है कि केंद्र प्रभारी द्वारा ली गई इस अतिरिक्त मात्रा को समिति के खाते में जमा नहीं किया गया, जिसके कारण समिति को करोड़ों रुपए का सीधा घाटा उठाना पड़ रहा है। किसानों ने कहा कि इसी वित्तीय नुकसान के चलते समिति बड़े संकट में है। धान खरीदी घोटाले के अलावा किसानों ने आम सभा में कई अन्य गंभीर समस्याओं को भी उठाया। किसानों ने शिकायत किया कि कठिन परिश्रम के बावजूद उन्हें समय पर खाद उपलब्ध नहीं हो पाता है। समय पर ऋण न मिलने के कारण किसानों को आर्थिक खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। किसान बीमा योजनाओं की प्रक्रियाओं पर भी असंतोष व्यक्त किया गया और कई सवाल खड़े किए गए।

**जाँच करवाकर दोषियों पर होगी कार्रवाई-** इस संबंध में शाखा प्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बांदे घनश्याम झारियां से बात करने पर उन्होंने बताया जल्द ही किसानों के सभी मुद्दों पर जांच कराई जाएगी और जांच के बाद दोषियों पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

संवाद : विधायक नेताम ने बताया महंगाई से और राहत मिलेगी

# विधायक एवं भाजपाइयों ने जीएसटी के बदलाव की जानकारी देने व्यापारियों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर



जीएसटी दरों में हुए बदलाव से व्यापारियों के व्यापार में पढ़ने वाले प्रभाव को जानने के लिए विधायक आशाराम और भाजपा के पदाधिकारियों ने व्यापारियों से संवाद किया और व्यापारियों से जीएसटी दरों में हुए बदलाव से वस्तुओं की कीमतों में हुई कमी का सीधा लाभ उपभोक्ताओं को देने की बात कही।

विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि नई जीएसटी सुधारो में कई महत्वपूर्ण खाद्य पदार्थ, जीवन रक्षक दवाइयां, व खेती किसानी से संबंधित सामग्रियों को जीएसटी से पूरी तरह से मुक्त किया गया है और कई चीजों को 5 प्रतिशत के स्लैब में डाला गया है, जिसका लाभ आम उपभोक्ताओं, गंभीर मरीजो तथा किसानों को होगा । नई जीएसटी सुधारो से खाने-पीने की वस्तुएं भी सस्ती होगी जिससे इन वस्तुओं के उत्पादकों को भी लाभ होगा और आम जनता भी इन सुधारो से प्रभावित होंगे वह बचत कर सकेंगे। आने वाले त्यौहार में आम व मिडल क्लास उपभोक्ता इस बचत का लाभ ले सकेंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष महेश जैन ने कहा कि 2014 से पहले जब जब देश में यूपीए की सरकार थी, तो व्यापारियों व उपभोक्ताओं को कई प्रकार के टैक्स देने पड़ते थे, परंतु 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनने के बाद देश की कर सुधार की दिशा में अभूतपूर्व बदलाव किए गए । 2017 में एक देश, एक टैक्स के तहत जीएसटी लागू किया गया। पहले जीएसटी में 5 प्रतिशत से लेकर 28 प्रतिशत तक के चार स्लैब थे, जिसे घटकर अब मात्र 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत के दो स्लैब रखे गए हैं।

भारत सरकार द्वारा आर्थिक सुधारो की दिशा में उठाए गए महत्वपूर्ण कदम के तहत नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी रिफॉर्म को लेकर 26 सितंबर को भाजपाईयों ने शहर के व्यापारियों से मिलकर नई जीएसटी सुधारो की जानकारी दी और संवाद भी किया। इस दौरान जीएसटी छूट से संबंधित पोस्टर व स्टीकर व्यापारियों को बांटे गए व दुकानों में स्टिकर चिपकाए गए। आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता टेकेश्वर जैन, दिलीप जायसवाल, नगरपालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक, राजा देवनानी, हीरा मरकाम, निपेन्द्र पटेल, संजय सिन्हा, जयंत अटभैया, उत्तम जैन, गिरधर यादव, बृजमोहन तिवारी, रवि तिवारी, जीवन नेताम, धनेंद्र ठाकुर, योगेश साहू, लकी ठाकुर, तनुज ठाकुर, बलराम साहू, विजय लखवानी, सुरेश गुढ़यिारी, मीरा सलाम, उगेश्वरी उइके, मंजू सारथी, शकुंतला जैन आदि उपस्थित रहे।

## तलुमकसा नाला पर पुल निर्माण की मांग वर्षों से लंबित किसानों के कार्य प्रभावित



हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्गूकोंदल

ग्राम पंचायत पंचांगी से खैरकट्टा मार्ग में स्थित तलुमकसा नाला पर पुलिया नहीं बनने से ग्रामीणों परेशान हो रहे है। बरसात के दिनों में नाला उफान पर आने से मार्ग पूरी तरह बाधित हो जाता है, जिससे गांव के लगभग 75 प्रतिशत कृषक समय पर खेतों तक नहीं पहुंच पाते और उनकी कृषि गतिविधियां प्रभावित हो जाती हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पुल निर्माण के लिए कई बार जनप्रतिनिधियों को आवेदन दिया और शिविरों में मांग किया गया, यहां तक सुशासन तिहार में में भी आवेदन दिया गया, लेकिन अब तक इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। बरसात में जल निकासी न होने से बच्चों की स्कूल जाने में कठिनाई होती है और कई बार उन्हें पढ़ाई से वंचित रहना पड़ता है। ग्रामीणों ने कहा कि अगर तलुमकसा नाला पर पुल का निर्माण हो जाता है, तो न केवल किसानों को खेती-किसानी में सुविधा मिलेगी बल्कि स्कूली बच्चों और आसपास के गांवों के लोगों के लिए आवागमन भी सुगम हो जाएगा। ग्राम सरपंच जैन पुडो, विष्णुराम पुडो, भग्गूराम ध्रुव, मेहतर गावड़े, नरसिंह कोमरा, वड पंच धनेश जुर्री, संतेर पुडो सहित अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग किया है कि शीघ्र पुल निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर कार्य प्रारंभ किया जाए। उन्होंने कहा कि माँग पूरा नहीं हुआ तो सामूहि आंदोलन करेंगे।

## औषधि उद्यान में रोपे गए 100 से अधिक पौधे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्गूकोंदल

शासकीय आयुर्वेद औषधालय कोदापाखा में औषधि उद्यान के विकास कार्य सुव्यवस्थित रूप से प्रगति पर हैं। औषधालय में काली मिट्टी का संग्रह कर नए औषधीय पौधों के रोपण का कार्य सतत जारी है। अब तक 100 से अधिक विभिन्न प्रकार के औषधीय पौधों का सफलतापूर्वक रोपण किया जा चुका है।

आयुर्वेद औषधालय का लक्ष्य आगामी समय में 150 से 200 प्रकार के दुर्लभ एवं औषधीय महत्व के पौधों का रोपण कर एक समृद्ध औषधि उद्यान का निर्माण करना है। योग शिक्षक शिवप्रसाद बघेल एवं पीटीएस जगदीश मरकाम के समर्पित श्रमदान से उद्यान उद्यान में पौधे रोपे जा रहे है। औषधालय के कर्मचारी का यह प्रयास औषधीय पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन के साथ-साथ स्थानीय जनसमुदाय को आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के महत्व से परिचित कराने में भी सहायक सिद्ध हो रहा है। यह उद्यान विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए एक उपयोगी अध्ययन केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है।



## भानुप्रतापपुर-कांकेर मार्ग बदहाल युवा कांग्रेस करेगा चक्काजाम



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानुप्रतापपुर

भानुप्रतापपुर से कांकेर जिला मुख्यालय को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग इस कदर जर्जर हो चुका है कि अब यह जनता की सहनशक्ति की परीक्षा लेने लगा है। लगातार बारिश के कारण गहरे गड्ढे, टूटी हुई सड़क सतह और जगह-जगह पानी भरने से हालात बदतर हो गए हैं। रोजाना वाहन फिसल रहे हैं और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

युवक कांग्रेस नेता पार्षद पंकज राज वाधवानी ने कहा है कि कोटवार से लेकर कलेक्टर तक और पंच से लेकर सांसद तक शासन-प्रशासन के सभी जिम्मेदार व पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी भी इसी सड़क से आवागमन करते हैं। रोज उनकी नजरों के सामने यह बदहाल सड़क आती है। प्रतिवर्ष रिपेयरिंग के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जाती है।

स्थानीय व्यापारियों और आम नागरिकों का कहना है कि खराब सड़कों के कारण रोजमर्रा की आवाजाही कठिन हो गई है। समय और धन दोनों का नुकसान हो रहा है। एक सप्ताह के भीतर इस सड़क की मरम्मत और सुधार कार्य प्रारंभ नहीं किया गया, तो भानबेड़ा से भानुप्रतापपुर के बीच चक्का जामकर आंदोलन किया जाएगा। युवा कांग्रेस का कहना है कि यह आंदोलन जनता के हक के लिए होगा और प्रशासन को मजबूर किया जाएगा कि वह सड़क की दशा सुधारने पर तत्काल कदम उठाए।

## गलत दस्तावेज से जन्म प्रमाण पत्र बनाने वाले दो आरोपी को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पखांजुर




फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार करने में सलिप्त दो आरोपियों को पखांजुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेला भेजा। फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाकर रह रहें लोगो की जांच पुलिस द्वारा किया जा रहा है।

तहसीलदार पखांजुर कुलदीप ठाकुर के द्वारा थाना में शिकायत दर्ज कराया कि ग्राम पीव्ही 127 अनुपपुर निवासी प्रशांत बैरागी एवं उसके पुत्र सुकृति बैरागी के द्वारा वीजा अवधी समाप्त होने के पश्चात भी अवैध रूप से भारत में निवास करते हुए सुकृति बैरागी का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए तहसील न्यायालय पखांजुर को गुमराह करते हुए गलत जानकारी, फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत कर रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) के नाम अनुमति पत्र बनवाया गया है। शिकायत पर पखांजुर पुलिस ने अपराध क्रमांक 148/2025 धारा 318 (4), 319(2), 336(3), 340(2), 236, 237, 61(2) BNS विदेशी एवं अप्रवासन अधिनियम 2025 की धारा 23 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी पखांजुर लक्ष्मण केवट के नेतृत्व में अवैध रूप से भारत में निवासरत प्रशांत बैरागी एवं उसके पुत्र सुकृति बैरागी जो अवैध रूप से भारत में रह रहे है, पतासाजी कर अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया। दोनो आरोपी प्रशांत बैरागी एवं सुकृति वैरागी वीजा अवधी समाप्त होने के पश्चात भी अवैध रूप से ग्राम पीव्ही 127 अनुपपुर तहसील पखांजुर में निवासरत थे और प्रशांत बैरागी के द्वारा अपने पुत्र सुकृति बैरागी का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए तहसील न्यायालय पखांजुर को गुमराह करते हुए गलत जानकारी, फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत किये थे एवं वीजा को पुलिस ने जप्त कर लिया गया है। आरोपीगणों प्रशांत वैरागी पिता ललित बैरागी उम्र 65 वर्ष एवं सुकृति बैरागी पिता प्रशांत बैरागी उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम औसखली पोस्ट कंचन नगर थाना बोटियाघाट जिला खुलना (बांग्लादेश) हॉल पीव्ही 127 अनुपनगर थाना गोण्डाहूर को 26 सितंबर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय कांकेर में पेश किया गया। न्यायालय के आदेश पर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार करने में सलिप्त अन्य आरोपीगणों के संबंध में पखांजुर पुलिस जांच कर रही है। सलिप्त पाए जाने पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## हिंगनझर में नवरात्रि पर सात दिवसीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम हिंगनझर में नवरात्रि एवं दशहरा पर्व के अवसर पर खेल और उत्सव का संगम देखने को मिला। जय हिंद क्रिकेट क्लब हिंगनझर द्वारा आयोजित सात दिवसीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आज विधिवत शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि की आसंदी से ग्राम पंचायत झिटकाटोला की सरपंच दुर्गा ध्रुव,विशेष अतिथि वार्ड पंच सुलोचना बाई सलाम, कुवंर बाई कोरेटी, सुनीता बाई सलाम सहित गणेशा बघेल, समारी नेताम, तिजो बाई जैन, मनोनित मण्डावी, सनारों सलाम तथा ग्रामवासी उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि इस



प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना, आपसी एकता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना है। प्रतियोगिता में आसपास के ग्रामों की टीमें भाग ले रही हैं और विजेता टीम को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान खेल प्रेमियों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

## राज्य राजमार्ग 25 पर दुर्गा पूजा से पहले लोक निर्माण विभाग ने कराई झाड़ियों की सफाई

**पखांजुर।** दुर्गा पूजा त्योहार को ध्यान में रखते हुए लोक निर्माण विभाग पखांजूर ने एक सराहनीय और अनूठी पहल किया है। विभाग के अमले ने राज्य राजमार्ग 25 पर सड़क के दोनों किनारों पर उगी हुई झाड़ियों और अनावश्यक वनस्पतियों की व्यापक सफाई का कार्य शुरू किया है। बड़गांव की सक्रिय और समर्पित टीम द्वारा अंजाम दिया जा रहा है। यह सफाई अभियान यात्रियों और सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा त्योहार के दौरान सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। सड़कों के



किनारे से झाड़ियों के हटने से न केवल दृश्यता बेहतर होगी, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा कम होगा, बल्कि सड़क की सुंदरता और स्वच्छता भी बढ़ेगी। पीडब्ल्यूडी पखांजूर का यह कदम दर्शाता है कि विभाग सार्वजनिक सुरक्षा और सुविधा को लेकर गंभीर है, खासकर ऐसे समय में जब दुर्गा पूजा के कारण सड़कों पर आवाजाही बढ़ने की संभावना है। विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए, स्थानीय निवासी राजू जोगी ने लोक निर्माण विभाग और बड़गांव की सक्रिय टीम का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सड़क पर झाड़ियों की सफाई लंबे समय से लंबित थी और त्योहार से पहले यह कार्य पूरा होने से आम जनता को बड़ी राहत मिलेगी।

बाल विवाह मुक्त गांवों को प्रमाण पत्र जारी होंगे

# जिले को 28-29 तक बाल विवाह मुक्त करने 2 को होंगी ग्रामसभाएं: नीलेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

राज्य में बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान को जन अभियान के रुप में संचालित कर वर्ष 2028-29 तक राज्य की प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय को बाल विवाह मुक्त घोषित करते हुए तदाशय का प्रमाण पत्र जारी किया जाना है। राज्य शासन द्वारा जारी कार्य योजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 से 2028-29 के लिए लक्ष्यों का निर्धारण किया गया है। इस वित्तीय वर्ष में सभी जिलों की 40 प्रतिशत ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों को बाल विवाह मुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने बताया कि निर्धारित लक्ष्य अनुसार इस वित्तीय वर्ष में राज्य के प्रत्येक जिले में 40 प्रतिशत ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों को बाल विवाह मुक्त करना है। इसी प्रकार वर्ष 2026-27 तक राज्य के प्रत्येक जिले में 60 प्रतिशत ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों को बाल विवाह मुक्त किया जाना है। इसी प्रकार वर्ष 2027-28 तक राज्य के प्रत्येक जिले में 80 प्रतिशत ग्राम पंचायतो एवं नगरीय निकायों तथा वर्ष 2028-29 तक राज्य के प्रत्येक जिले में शत-प्रतिशत ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों को बाल विवाह मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है।



शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत जिले की ऐसी ग्राम पंचायतें व नगरीय निकाय जिसमें विगत 2 वर्ष अर्थात 2023-24 व 2024-25 में कोई भी बाल विवाह नहीं हुआ है, उन्हें बाल विवाह मुक्त घोषित किया जाना है। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों द्वारा पूर्ण परीक्षण व सत्यापन पश्चात प्रेषित किये जाने वाले प्रमाण पत्र के आधार पर संबंधित ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय को बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय का प्रमाण पत्र कलेक्टर द्वारा जारी किया जाएगा। इस संबंध में आगामी 02 अक्टूबर को आयोजित होने वाली ग्राम सभाओं में ग्राम पंचायत की सर्व सहमति से ग्राम पंचायत को बाल विवाह मुक्त करने हेतु प्रस्ताव पारित करने तथा बाल विवाह की पूर्ण रोकथाम हेतु व्यापक जनजागरुकता कार्यक्रम भी आयोजित कराया जाएं। इस संबंध में कार्यवाही कर न्यूनतम 40 प्रतिशत ग्राम पंचायतों एवं 02 नगरीय निकायों को बाल विवाह मुक्त घोषित करने संबंधी प्रमाण पत्र 15 अक्टूबर 2025 तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने निर्देश दिए गए हैं।

### *बाल विवाह मुक्त नगरीय निकाय के सत्यापन की प्रकिया*

*बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत घोषित करने एवं बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत का प्रमाण पत्र जारी करने के पूर्व ग्राम पंचायत में प्रस्ताव, ग्राम सभा में चर्चा एवं प्रस्ताव पारित किये जाने पर ही प्रमाण पत्र जारी करने की कार्यवाही की जा सकेगी। इसी प्रकार नगरीय निकाय के लिए संबंधित नगर निगम, नगरपालिका, नगर पंचायत की सामान्य सभा में प्रस्ताव पारित होने पर उक्त नगरीय निकाय को बाल विवाह मुक्त घोषित करने का प्रमाण पत्र कलेक्टर द्वारा जारी किया जाएगा। राज्य स्तर से भी बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों का रेंडम सत्यापन कराया जाएगा।*

## पुजारीपारा प्राथमिक शाला भवन जर्जर, छात्र परेशान

**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड के ग्राम पुजारीपारा का प्राथमिक शाला भवन अपनी जीर्ण-शीर्ण अवस्था से अब खतरनाक साबित हो रहा है। छत से टपकते पानी, दीवारों में दरारें और जर्जर फर्श के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित हो रही है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के दिनों में बच्चों को खुले में पढ़ाई करवानी पड़ती है, जिससे उनकी पढ़ाई पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। ग्राम के सरपंच सियाराम मंडावी ने बताया कि इस संबंध में मुख्यमंत्री को आवेदन दिया गया था। मुख्यमंत्री कार्यालय से जिला कलेक्टर कांकेर को कार्यवाही के लिए आदेशित किया गया। इसके बाद जिला मिशन समन्वयक, समग्र शिक्षा ने खण्ड शिक्षा अधिकारी दुर्गुकोंदल को निरीक्षण कर सभी आवश्यक कागजात उपलब्ध कराने के निर्देश



दिए थे। इसके बावजूद 3 से 4 माह बीत जाने के बाद भी नए भवन की स्वीकृति नहीं मिली है। सरपंच ने बताया कि जब वे इस मामले में ग्रामीणों ने मांग की है कि प्राथमिक शाला भवन का निर्माण जल्द स्वीकृत कर कार्य प्रारंभ किया जाए,ताकि बच्चों की पढ़ाई सुरक्षित और सुचारु रूप से हो सके। इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी बताया है कि प्राथमिक शाला पुजारी पारा भवन की स्थिति अत्यंत जर्जर होने की जानकारी मिली है। नया भवन की स्वीकृति के लिए प्रस्ताव उच्च कार्यालय को भेजा गया है, जल्दी स्वीकृत होने की बात कही गई।

## खबर संक्षेप

### एनएचएम कर्मी ने माईं जी को चुनरी किया अर्पित

जगदलपुर। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन बस्तर जिला अधिकारी, कर्मचारी के समस्त मांगे पूर्णता के अंतिम पड़ाव तक पहुंचने की मनोकामना की मनोकामना पूर्ण पदयात्रा तुमशवर गजभिए, वाल्मीकि मिश्रा तथा संदीप एनएचएम कर्मचारियों ने माईं दंतेश्वरी मंदिर जगदलपुर से दंतेश्वरी माई मंदिर दंतेवाड़ा 82 किमी की पदयात्रा की। पदयात्रा में पाव में दर्द और छालों की असहनीय पीड़ा के बावजूद दंतेश्वरी माई के शरणागत होकर माईं जी को चुनरी अर्पित किया गया। साथ ही दंतेवाड़ा में संघ की ओर से भंडारा का भी आयोजन किया गया।

### बस्तर से कृष्णा ठाकुर को प्रदेश कार्यकारिणी में कोषाध्यक्ष का मिला दायित्व

**जगदलपुर**। छत्तीसगढ़ सैलून व्यवसाय संगठन का प्रांतीय बैठक 25 सितंबर को रायपुर में आयोजित किया गया। जिसमें सैलून व्यवसाय को नियमबद्ध कर पूरे प्रदेश में एक रेट उचित गुणवत्ता के समान उचित सेवा सहित अन्य व्यवस्था पर चर्चा की गई। इस दौरान प्रदेश इकाई के पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें बस्तर जिला को महत्व देते हुए प्रदेश कोषाध्यक्ष के पद में जगदलपुर से कृष्णा ठाकुर को दायित्व दिया गया। इसके साथ ही प्रदेश सैलून व्यवसाय के अध्यक्ष रूपेश ठाकुर, सचिव अशोक सेन, उपाध्यक्ष कमल नारायण शांडिल्य, संरक्षक संजीव सेन सहित कोर कमेटी का गठन किया गया। कार्यक्रम में बीजेपी प्रवक्ता गौरी शंकर श्रीवास, संरक्षक लक्ष्मी नारायण सेन पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विनोद सेन, प्रदेश अध्यक्ष पुनीत राम सेन, महासचिव रुद्र सेन, प्रदेश कोषाध्यक्ष किशन सेन एवं वरिष्ठ,युवा, महिला मंडल मौजूद रहे।

### मां दंतेश्वरी दर्शन कर सांसद ने लिया आर्शिवाद

**दंतेवाड़ा**। सांसद महेश कश्यप सहपरिवार आज दंतेवाड़ा पहुंचे। दंतेवाड़ा आगमन पर भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता,विधायक चैतराम अटामी समेत भाजपा पदाधिकारी,जनप्रतिनिधि व कार्यकतार्ओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। सांसद महेश कश्यप के साथ चित्रकोट विधानसभा के विधायक विनायक गोयल भी दंतेवाड़ा पहुंचे जिनका भाजपा पदाधिकारी,जनप्रतिनिधि व कार्यकतार्ओं ने आत्मीय स्वागत किया। कश्यप एवं गोयल ने बस्तर की आराध्य देवी मो दंतेश्वरी के दरबार पहुंच पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली एवं सुख समृद्धि की कामना की। बस्तर सांसद महेश कश्यप ने भाजपा पदाधिकारी,जनप्रतिनिधि एवं कार्यकतार्ओं से मुलाकात कर विभिन्न विषयों पर चर्चा किया एवं नवरात्री एवं दशहरा के पावन पर्व की प्रदेश एवं क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दिया।

### स्वच्छता ही सेवा 50वीं वाहिनी ने किया श्रमदान



**कोंटा**। कोंटा ब्लॉक के इंजरम स्थित सीआरपीएफ 50वी वाहिनी ने स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम आयोजित की। इस कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिन, एक घंटा, एक साथ के संकल्प को मूर्त रूप देते हुए 50वी वाहिनी ने स्वच्छता अभियान आयोजित किया। यह अभियान कमांडेंट प्रेमजीत कुमार के दिशा-निर्देशन एवं दुर्गा राम द्वितीय कमान अधिकारी व नीरज कुमार तथा सहायक कमांडेंट की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर बटालियन के अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा श्रमदान कर स्वच्छता के महत्व को जनमानस तक पहुंचाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जनजागरण एवं स्वच्छ भारत अभियान को गति प्रदान करना रहा। 50वीं वाहिनी सीआरपीएफ के इस सामूहिक प्रयास से स्वच्छ, स्वस्थ एवं जागरूक समाज की दिशा में एक सशक्त संदेश प्रसारित हुआ।

**निरीक्षण:** पर्यटन की संभावनाएं तलाशने कलेक्टर ने लिया जायजा

# कांकेर के जलहूर-भुरका का पहाड़ प्राकृतिक पर्यटन क्षेत्र के रूप में हो रहा विकसित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर





प्राकृतिक सौंदर्य और नैसर्गिक खूबसूरती से परिपूर्ण जिले में खमढोडगी, धारपारूम के बाद भानुप्रतापपुर क्षेत्र में एक और पर्यटन क्षेत्र विकसित होने जा रहा है। ग्राम पंचायत परवी के आश्रित ग्राम जलहूर और भुरका की पहाड़ियों में पर्यटन की दृष्टि से बेहद खूबसूरत घाटीनुमा पहाड़ है। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर और जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी ने इस इलाके का दौरा कर भावी पर्यटन केंद्र के रूप में संभावनाएं तलाशी। अधिकारी द्वय ग्राम जलहूर से लगभग डेढ़ किलोमीटर की ऊंचाई पर चढ़कर पूरे इलाके का मुआयना किया।

भानुप्रतापपुर से अंतागढ़ मुख्य मार्ग पर ग्राम केवटी से बांयी ओर खड़का, भुरका, परवी पहाड़ियों के बीच स्थित है। यहां से पहाड़ की ऊंचाई पर बसे ग्राम जलहूर से पगडंडीनुमा मार्ग से होते हुए लगभग डेढ़ किलोमीटर की ऊंचे क्षेत्र में चित्ताकर्षक और मनमोहक घाटी है। पहाड़ की ऊंचाइयों से आसपास की पहाड़ियां, पठार और निचले क्षेत्र का दृश्य काफी खूबसूरत नजर आता है। इस दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों से मुलाकात कर क्षेत्र की विशेषताओं की जानकारी ली। मावा पर्यटन स्थल हकुम माड़ नाम से प्रचलित क्षेत्र में पहुंचकर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नैसर्गिक खूबसूरती से परिपूर्ण इस क्षेत्र में पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में हकूम माड़ क्षेत्र को जिला प्रशासन के सहयोग से बेहतर सुविधाएं विकसित की जाएंगी। कलेक्टर ने यह भी बताया कि नई पर्यटन नीति के तहत सैलानियों को अपेक्षाकृत अधिक सहूलियतें प्रदान करने वित्तीय सहायता का भी प्रावधान किया गया है। उन्होंने मावा पर्यटन स्थल हकुम माड़ समिति के सदस्यों और स्थानीय सरपंच को इस क्षेत्र को स्वच्छ बनाने, प्लास्टिक और पॉलीथिन आदि प्रतिबंधित करने और नशामुक्त क्षेत्र रखने की अपील की। साथ ही विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने ग्रामीणों को जिला प्रशासन की ओर से आवश्यक सहयोग करने की भी बात कही। कलेक्टर ने बताया कि ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए ग्राम खड़का के समीप एक साल के भीतर पुल तैयार किया गया तथा इस क्षेत्र में दो और बहु प्रतीक्षित पुलियों की स्वीकृति प्रशासन द्वारा दी गई है। जिला सीईओ हरेश मंडावी ने भी ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कि स्थानीय लोगों के द्वारा इतने बेहतरीन पर्यटन क्षेत्र को एक्सप्लोर किया गया है, जो सराहनीय है। उन्होंने इस इलाके में सुरक्षा और मूलभूत और आवश्यक सुविधाएं विकसित करने की प्रशासनिक पहल किए जाने की बात कही। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधिगण और ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## ठाकुर जोहारनी पर्व में कलेक्टर की सहभागिता और मुख्यमंत्री के आगमन से समाज में उमंग



हरिभूमि न्यूज ⏭ सरोना

गोंड़वाना समाज समन्वय समिति विकासखण्ड नरहरपुर ने 25 सितंबर को जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर से सौजन्य भेंट किया। समिति ने यह आभार इसलिए प्रकट किया क्योंकि हाल ही में आयोजित ठाकुर जोहारनीन पर्व में कलेक्टर ने सक्रिय सहभागिता निभाई थी।

गौरतलब है कि 14 सितंबर को आयोजित पर्व में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का भी विशेष आगमन हुआ था, जिससे यह पर्व ऐतिहासिक और यादगार बन गया। गोंडंवाना समाज के प्रतिनिधिमंडल ने कांकेर जिला कलेक्टर कार्यालय पहुँचकर कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर से भेंट किया। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि ठाकुर जोहारनीन पर्व समाज की संस्कृति, परंपरा और आस्था का प्रतीक है, जिसमें कलेक्टर की सहभागिता ने समाज का मान-सम्मान बढ़ाया है।

कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने समाज के इस आभार प्रदर्शन को स्वीकार करते हुए कहा कि जिला प्रशासन सदैव गोंडवाना समाज की संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण व संवर्धन के लिए सहयोग करता रहेगा। विश्वास दिलाया कि प्रशासन और समाज की साझेदारी से क्षेत्र में विकास और एकता को नई दिशा मिलेगी। इस अवसर पर गोंडवाना समाज के ब्लॉक अध्यक्ष सगे सिंह वट्टी, सचिव शेखर उईके, धनेशरा परिक्षेत्र अध्यक्ष भुनेशवर नेताम, सरोना परिक्षेत्र अध्यक्ष नरेन्द्र नेताम, मोहन नेताम, संदीप कुंजाम, जितेंद्र शोरी, कमलेश मरकाम, नितिन शोरी व अन्य लोग उपस्थित रहें।

## परलकोट क्षेत्र में एक पेड़ माँ के नाम योजना की धज्जियाँ उड़ा रहे वन माफिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजुर



एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना एक पेड़ माँ के नाम को केंद्र और राज्य सरकारें जोर-शोर से चला रही हैं, वहीं दूसरी ओर परलकोट क्षेत्र में वन माफिया इस पहल की सरेआम धज्जियाँ उड़ा रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि वन विभाग की नाक के नीचे कई वर्षों से वन माफिया का अवैध कारोबार फल-फूल रहा है, जिससे परलकोट के हरे-भरे जंगल तेजी से कट रहे हैं।

परलकोट क्षेत्र के विभिन्न गाँवों और जंगलों में वन माफिया का हौसला इतना बुलंद है कि वे खुलेआम हरे-भरे पेड़ों को काट रहे हैं। इन कीमती लकड़ियों को ऊंचे दामों पर अन्य राज्यों में बेचा जा रहा है। जहाँ सरकार एक पेड़ माँ के नाम के तहत मंत्री से लेकर स्कूली बच्चों और आम नागरिकों तक को पौधारोपण के लिए प्रेरित कर रही है, वहीं वन माफिया इसे 'एक पेड़ धराशाही' के रूप में बदल रहे हैं। वन विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल, क्षेत्र में चल रहे इस अवैध कारोबार को लेकर वन विभाग की कार्यशैली पर गंभीर संदेह उत्पन्न हो रहा है। सवाल उठता है कि जिस वन विभाग द्वारा गाँव और पंचायत कार्यालयों में पौधों का वितरण कर एक पेड़ माँ के नाम योजना का प्रचार किया जा रहा है, उसी की नाक के नीचे वन माफिया वर्षों से अवैध रूप से वन संपदा का सफाया कैसे कर रहे हैं? स्थानीय लोगों का मानना है कि विभाग की निष्क्रियता या कथित मिलीभगत के कारण ही यह अवैध धंधा बेरोकटोक जारी है। यदि वन विभाग जल्द से जल्द इन वन माफिया पर कठोर कार्रवाई नहीं करता है, तो परलकोट क्षेत्र से वन संपदा का जल्द ही सफाया हो जाएगा। पर्यावरण के साथ-साथ यह राष्ट्रीय महत्वाकांक्षा एक पेड़ माँ के नाम योजना के मर्म को भी चोट पहुंचा रहा है, जिस पर तत्काल नियंत्रण आवश्यक है।

## जेम पोर्टल के माध्यम से जानकारी उपलब्ध कराने कार्यशाला 30 को

**कांकेर**। शासन के निर्देशानुसार समस्त शासकीय विभागें में क्रय, वस्तु, सेवा जेम पोर्टल के माध्यम से किया जाना है, जिसकी जानकारी प्रदान करने के लिए उद्योग विभाग द्वारा रैम्प योजना एवं रजत जयंती वर्ष के तहत कार्यशाला का आयोजन 30 सितम्बर को दोपहर 02 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया जाएगा। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कार्यालय द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार उक्त कार्यशाला में शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों को जेम पोर्टल के माध्यम से सामग्री क्रय, निविदा प्रक्रिया के लिए जेम पोर्टल पर क्रेता के रूप में ऑनबोर्डिंग निविदा दस्तावेज तैयार करने, प्रकाशित करने एवं निविदा खोलने की प्रक्रिया के संबंध में प्रशिक्षण के साथ ही एमएसएमई उद्यमियों, व्यापारियों, सेवा परिदाता फर्मों को विक्रेता के रूप में जेम पोर्टल पर ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया उत्पाद कैटलॉग बनाने एवं निविदाओं के भागीदारी हेतु आवेदन करने की प्रक्रिया का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। उक्त कार्यशाला में जिले के समस्त विभाग के प्रतिनिधि एवं एमएसएमई उद्यमियों को निर्धारित समय व स्थान पर कार्यशाला में उपस्थित होने कहा गया है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कांकेर से संपर्क किया जा सकता है।

## सिवनी में कर्मयोगी सेवा अभियान के तहत स्वच्छता अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल



ग्राम पंचायत सिवनी में कर्मयोगी सेवा अभियान के तहत एक विशेष बैठक कर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जाति एवं जनजाति समुदायों के हितग्राहियों का सर्वे करना तथा ग्राम पंचायत में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा करने पर जोर दिया गया।

बैठक के दौरान सबसे पहले कर्मयोगी सेवा अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया। सरपंच बैठक की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सरपंच उमेश्वरी मंडावी किया व बताया कि इस अभियान का मकसद समाज के हर वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुँचाना और ग्राम स्तर पर समस्याओं का समाधान करना है। बैठक में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के हितग्राहियों के सर्वे से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। इसमें पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। इसके अलावा ग्राम पंचायत क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाएँ, शिक्षा की स्थिति और अन्य विकास कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में उपस्थित अधिकारियों और पंचों ने समस्याओं का बिंदुवार विश्लेषण किया और उन्हें दूर करने के लिए आगे की कार्ययोजना पर विचार किया। सभी ने अपने-अपने सुझाव रखे और योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने की आवश्यकता पर जोर दिया। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी समस्याओं पर विशेष चर्चा की गई। ग्रामीणों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की सुविधाओं में सुधार की मांग रखी। शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों की उपस्थिति, शाला भवन की मरम्मत और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के मुद्दों पर भी बातचीत हुई। पेयजल समस्या पर चर्चा करते हुए प्रस्ताव रखा गया कि बस्तियों में नियमित रूप से पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। विभिन्न समस्याओ के चर्चा उपरांत सभी ने रंगमंच एवं मुख्य चौक के पास स्वच्छता अभियान चलाया और अपने आसपास सफाई करने का संदेश दिया इस दौरान स्वच्छता अध्यक्ष महाबत्ती, वार्ड पंच जयसिंह महावीर, सुदेश तोप्पा, देवप्रसाद चुरेंद्र, शिवकुमार, माधुरी महावीर, धरमी बाई, चैती बाई, बसंता बाई, रुखमनी ठाकुर, राधो बाई सहित ग्रामवासी उपस्थित रहें।

## पूना पर्रियान में चयन के लिए कल काउंसिलिंग परसों स्क्रीनिंग टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

जिला प्रशासन द्वारा संचालित पूना पर्रियान (नई उड़ान) संस्थान के अंतर्गत चयन के लिए प्रथम चरण में काउंसिलिंग का आयोजन 27 सितम्बर को प्रातः 09 बजे बीएसएफ कैम्प ग्राम मुल्ला में किया जाएगा और द्वितीय चरण में 28 सितंबर को स्क्रीनिंग टेस्ट लिया जाएगा।

कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी के निर्देशन में आयोजित काउंसलिंग एवं स्क्रीनिंग टेस्ट लिया जाएगा। मुल्ला कैंप में भानुप्रतापपुर, दुर्गुकोंदल, कोयलीबेडा एवं अंतागढ़ जैसे माओवाद प्रभावित क्षेत्रों के युवाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। जिन युवाओं ने पंजीयन कराया है, उन्हें उपस्थित होना होगा, वहीं जो छात्र अभी तक पंजीयन नहीं करा पाए हैं, वे भी प्रशिक्षण केंद्र में उपस्थित होकर भाग ले सकते हैं। यह प्रशिक्षण उन युवाओं के लिए है जो फिजिकल परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं तथा पुलिस, सेना, बीएसएफ, वन विभाग या अग्निवीर जैसी विभिन्न सेवाओं में अपना भविष्य संवारना चाहते हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए प्रारंभ किए गए निःशुल्क कोचिंग मावा मोदोल केन्द्र भानुप्रतापपुर में द्वितीय चरण स्क्रीनिंग टेस्ट का आयोजन 28 सितम्बर को प्रातः 11 बजे किया जाएगा। इसके लिए मावा मोदोल केन्द्र भानुप्रतापपुर एवं पीएमश्री उत्कृष्ट विद्यालय भानुप्रतापपुर को परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं।

पंजीकृत छात्रों को रोल नम्बर एवं परीक्षा केन्द्र की जानकारी उनके ईमेल आईडी पर भेज दी गई है। वहीं जो छात्र पंजीकृत नहीं हैं, वे भी आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड या अन्य पहचान पत्र के साथ परीक्षा केंद्र में उपस्थित होकर शामिल हो सकते हैं। जिला प्रशासन की ओर से सभी योग्य एवं इच्छुक युवाओं से अपील की गई है कि वे इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाकर अपने भविष्य को नई दिशा दें।

## जीएसटी सुधार से किसान एवं आमजनता को राहत : आलोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा जीएसटी में क्रांतिकारी सुधार करते हुए देश के 1 सौ 40 करोड़ जनता को मोदी सरकार ने बड़ी राहत देने के निर्णय लिया है। जीएसटी सुधार से प्रदेश के आमजनों एवं अन्नदाताओं को बड़ी राहत मिली है। उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर ने कही।

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण का आभार प्रकट करते हुए बताया कि केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा देश एवं प्रदेश के किसानों की आमदनी कैसे दुगनी हो और किसानों को जो फसल में लागत लगती है वह कैसे कम हो इसकी चिंता मोदी की सरकार निरंतर 11 वर्षो से कर रही है। पहले की सरकारें किसानो की चिंता नही करती थी, पर आज जीएसटी में बडी राहत मिलने से हर वर्ग को खासकर प्रदेश के किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। किसानी से संबंधित मशीनें हो या खाद्य पदार्थ या फिर कीटनाशक यह सभी सस्ते हो गए है। मोदी सरकार के पहल से आधुनिक तकनीकी से किसान लैस हो रहे है और आत्मनिर्भर किसान ई मित्र चैट बॉट के तहत 11 क्षेत्रीय भाषाओं में जानकारी उपलब्ध है। भारत के किसानों को प्रधानमंत्री सम्मान निधि के माध्यम से सालाना 6 हजार प्रतिवर्ष सम्मान देने का काम कर रही है। पीएम सम्मान निधि योजना से किसानों की किस्मत बदल चुकी है। पीएम फसल बीमा योजना के माध्यम से किसानों की फसल नुकसान पर सरकार बीमा सुरक्षा प्रदान कर रही है। पीएम कृषि सिंचाई योजना के माध्यम से आज प्रदेश के किसानों को हर खेत को पानी के लक्ष्य से सिंचाई की उचित एवं सुगम व्यवस्था सरकार कर रही है। आमजनों खासकर मध्यम वर्गीय परिवार को जीएसटी के माध्यम से राहत देने का काम किया है।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान लगातार जारी, स्कूलों व मंदिरों में हुई सफाई



**दुर्गुकोंदल**। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत ग्राम चहचड़ एवं मेड़ो के शीतला मंदिर, पंचायत भवन और विद्यालयों की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया।

गोयल ग्रुप माइंस प्रबंधन की टीम ने चहचड़ स्कूल में विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया और उन्हें स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। बच्चों को समझाया गया कि यदि वे अपने घर, विद्यालय और आस-पड़ोस को स्वच्छ रखते हैं तो न केवल बीमारियों से बचाव होगा, बल्कि पूरे समाज में स्वच्छ वातावरण का निर्माण होगा। गोयल ग्रुप द्वारा खदान क्षेत्र और उसके आसपास के गांवों में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान गाँव-गाँव जाकर सार्वजनिक स्थलों, मंदिर प्रांगण, स्कूल-कॉलेज और पंचायत भवनों की सफाई की जा रही है।

अभियान की अगुवाई कर रहे गोयल ग्रुप के असिस्टेंट मैनेजर संजू साहू ने बताया कि संस्थान हर वर्ष यह अभियान चला कर लोगों को जागरूक करता है। कोशिश है कि लोग केवल इस पखवाड़े में ही नहीं, बल्कि अपनी दिनचर्या में भी सफाई को शामिल करें। स्वच्छता को आदत बनाने से ही स्वस्थ समाज की नींव रखी जा सकती है।

## पं.दीनदयाल के विचार आज भी प्रासंगिक : मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बचेली



भाजपा के स्थानीय मंडल द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुराना मार्केट स्थित शिव मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा मंडल अध्यक्ष अमलेंदु चक्रवर्ती ने किया। मुख्य आयोजन की जिम्मेदारी वरिष्ठ कार्यकर्ता नीलेश पाटले ने संभाली। कार्यक्रम के मुख्यवक्ता जिले के पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष डीपी मिश्रा ने उपाध्याय के एकात्म मानववाद के दर्शन और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार आज भी प्रासंगिक हैं और देश के विकास में मार्गदर्शक का काम करते हैं। जिला नेतृत्व की व्यापक उपस्थिति रही। कार्यक्रम में जिले के उपाध्यक्ष सुमित सरकार, जिला मंत्री कामो कुंजाम, एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं पार्षद धनसिंह नाग, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम सहित पार्टी के तमाम वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। स्थानीय प्रशासन के प्रतिनिधियों में नगरपालिका अध्यक्ष राजू जैसवाल, उपाध्यक्ष सतीश प्रेमचंदानी, पार्षद सतीश शर्मा और पार्षद दीपक सरकार शामिल हुए।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### बंजारी माता मंदिर में लगाया प्राथमिक उपचार शिविर



**दुर्गुकोंदल।** आदिशक्ति माँ बंजारी देवी के दर्शन के लिए आने वाले भक्तों की सेवा में गोयल ग्रुप के माइंस प्रबंधन द्वारा प्राथमिक चिकित्सा सेवा शिविर का आयोजन किया गया। प्रति वर्ष पंचमी से लेकर नवमी तक यहां आने वाले भक्तों के प्राथमिक उपचार के लिए शिविर लगया जाता है, ताकि माता के दर्शन के लिए आने वाले भक्तों को यदि किसी प्रकार के प्राथमिक उपचार की आवश्यकता पड़े तो तुरंत उन्हें प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया जा सके। संस्थान की नर्स पंचकला नरेटी एवं मालती गावड़े नें बताया कि उनके संस्थान द्वारा प्रति वर्ष यह सेवा मंदिर प्रांगण में चलाया जाता है, जिसमें प्रति वर्ष सैकड़ों श्रद्धालुओं का प्राथमिक उपचार किया जाता है।

### स्वास्थ्य शिविर का ग्रामीणों को मिला लाभ



**कोरर।** ग्राम पंचायत केवटीनटोला में स्वस्थ्य नारी-सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन बीएमओ डॉ. शशांक गुप्ता के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर का शुभारंभ सरपंच सरिता भुवार्य के द्वारा मां भारती के छाया चित्र पर दीय प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में कुल 212 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया जिसमें बीपी शुगर, सिकलसेल, गर्भवती एवं शिशुवती माता की जांच शामिल है। स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ ग्रामीणों की जागरुकता बढ़ाने और स्वास्थ्य शिक्षा दिया गया।

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 29 को

**कांकेर।** नवरात्रि पर्व समापन उपरांत माँ दुर्गा की प्रतिमा की विसर्जन और 02 अक्टूबर को दशहरा पर्व के अवसर पर जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के संदर्भ में 29 सितम्बर को दोपहर 12 बजे से जिला कार्यालय के सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है, जिसमें सभी संबंधितों को उपस्थित होने का अनुरोध किया गया है।

### तुएगहन में 2 अक्टूबर को डीजे डांस प्रतियोगिता

**चारामा।** जय माँ शीतला नवयुवक संगठन एवं ग्रामवासी तुएगहन के तत्वाधान में दशहरा के अवसर पर 02 अक्टूबर को राज्यस्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा हैं, जिसमे सामूहिक नृत्य पर प्रथम पुरुस्कार 10001 रूपएं, द्वितीय पुरुस्कार 5001 रूपएं, तृतीय पुरुस्कार 3001 रूपएं, युगल नृत्य पर प्रथम पुरुस्कार 5001 रूपएं, द्वितीय पुरुस्कार 3001 रूपएं, तृतीय पुरुस्कार 2001 रूपएं, एकल नृत्य पर प्रथम पुरुस्कार 3001 रूपएं, द्वितीय पुरुस्कार 2001 रूपएं और तृतीय पुरुस्कार 1001 रूपएं प्रदान किया जाएगा, साथ ही अन्य पुरुस्कार भी प्रदान किए जायेंगे। उक्त जानकारी छगन सिन्हा ने दिया।

### अपराध : कस्टमर ने कलेक्टर राशि जमा नहीं की

# धोखाधड़ी के फरार आरोपी को कांकेर पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

निजी कंपनी के कस्टमर से फायनेंस एवं कलेक्शन का पैसा वसूलकर रकम को कंपनी में जमा न करते हुए निजी उपयोग में खर्च कर कंपनी का पैसा गबन करने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने दबोचा और न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। प्रकरण के दो आरोपियों को कांकेर पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

विदित हो कि 12 मार्च को लालबाग जगदलपुर निवासी 44 वर्षीय नरेश जेठवा पिता चिमनलाल जेठवा ने शिकायत दर्ज कराया था कि एचडीबी फायनेंस सर्विस कंपनी ब्रांच कांकेर में आरोपी राघवेन्द्र झा, नितेश बघेल तथा जितेन्द्र धारगाये की पदस्थापना थी। पदस्थापना के दौरान कस्टमर से फायनेंस एवं कलेक्शन का कार्य करते थे। कार्य के दौरान 27 और 30 सितंबर को तीनों आरोपी मिलकर कस्टमरो से कुल कलेक्शन राशि 2 लाख 91 हजार 300 रूपएं का रसीद काटकर कलेक्शन किया था और इस राशि को फाइनेंस कंपनी में जमा ना करके स्वंय रख कर कंपनी के रकम को गबन कर लिया था। शिकायत पर थाना कांकेर में अपराध क्रमांक 84/2025 धारा 316 (2), 316 (5), 61 (2), 3 (5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचन में लिया गया था। प्रकरण में 2 आरोपी को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायालय में न्यायिक रिमाण्ड पर भेजे जा चुके है।



फरार तीसरे आरोपी राघवेन्द्र कुमार झा पिता विद्यायानंद झा उम्र 40 वर्ष निवासी शास्त्री नगर नगर निगम पूर्णिया थाना केहात जिला पूर्णिया राज्य बिहार घटना दिनांक से फरार था, जिससे कांकेर पुलिस द्वार लगातार गिरफ्तारी के लिए पता तलाश में जुटी हुई थी और मुखबिर लगाए गए थे। मुखबिर से आरोपी के बारे में 26 सितंबर को पुलिस को जानकारी मिली और दाबिश देकर आरोपी राघवेन्द्र कुमार झा पिता विद्यायानंद झा करे पकड़ा गया। आरोपी ने बताया कि एचडीबी फाईनेंस सर्विसेस कपनी में 2 लाख 91 हजार 300 रूपएं का धोखाधडी करने में शामिल था व कुल राशि 2 लाख 91 हजार 300 रूपएं में से 50-50 हजार रूपएं प्रकरण के दो आरोपियो को देना व शेष 1 हजार 91 हजार 300 रूपएं को स्वंय तथा परिवार में खाने-पीने में खर्च होना बताया। आरोपी को 26 सितंबर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कांकेर निरीक्षक मनीष नागर के नेतृत्व में, प्रधान आरक्षक कौशल साहू, आरक्षक राकेश लकडा, श्रवण ठाकूर, पूरन साहू की अहम भूमिका रही।

# बाइक की टक्कर से दो युवक घायल, बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



भानुप्रतापपुर के साप्ताहिक बाजार गए दो युवकों ने बाइक चालक ने अपनी वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दिया। बाइक की टक्कर से दोनो युवको को गंभीर चोट आया जिसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रिफर किया गया। घायल युवक की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है।

थाना भानुप्रतापपुर में शिकायत करने पहुंचे थाना बड़ागांव अंतर्गत 25 वर्षीय बड़ेझाड़कट्टा निवासी गोवर्धन गोरे ने पुलिस को बताया कि मेरे दोस्त गुलेश्वर अनलिया के साथ कन्हारगांव किराया रूम लेकर रहते है। मावा मोदोल में सीजी व्यापम का कोचिंग करते है और 14 सितंबर को मेरे दोस्त गुलेश्वर अलनिया के साथ पैदल भानुप्रतापपुर के साप्ताहिक बाजार करने जा रहे थे और शाम लगभग 5 बजे हम दोनो भानुप्रतापपुर बाजार मोड़ मेन रोड के पास पहुंचे थे, तभी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीपी 8168 के चालक के द्वारा अपने मोटर सायकल को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते पीछे से लाकर मुझे व मेरे दोस्त गुलेश्वर अलनिया को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से हम दोनो वहीं रोड पर गिर गए। दुर्घटना में मेरे सिर, दाहिने पैर में चोट लगा है तथा मेरे दोस्त गुलेश्वर को सिर, हाथ एवं पैर में चोट लगा है। फिर मुझे व मेरे दोस्त को राहगीरों ने भानुप्रतापपुर अस्पताल लाकर भर्ती किया, जहां से रिफर करने पर मै व मेरे दोस्त गुनेश्वर अलनिया को हमारे परिजन ने धमतरी के निजी अस्पताल में भर्ती किया गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीपी 8168 के चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# स्ट्रीट फूड वेंडर्स एवं खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण, खाद्य सुरक्षा पर दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ एवं नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार जिले में विशेष जांच एवं जागरूकता अभियान चलाकर कांकेर व अंतागढ़ क्षेत्र में स्थित स्ट्रीट फूड वेंडर्स, खाद्य परोसने वाले संस्थान, रेस्टोरेंट, ढाबा एवं होटल का निरीक्षण किया गया।

खाद्य नियंत्रक एवं औषधि प्रशासन से मिली जानकारी अनुसार खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठानों को समझाइश दी गई। इनमें अखबारी कागज का उपयोग, बासी खाद्य पदार्थों का उपयोग, परोसे जाने वाले पानी की गुणवत्ता, वेज-नॉन वेज को एक ही कंटेनर में रखना तथा खाद्य पदार्थों की अस्वच्छ हैंडलिंग जैसी गड़बड़ियां इस दौरान मिलीं। इसके अलावा आम जनता को सुरक्षित खाद्य पदार्थों के उपयोग एवं अस्वच्छ खाद्य के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। अभियान के तहत 10 खाद्य नमूने जांच के लिए गए तथा 40 से अधिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया।



उन्होंने बताया कि चलित प्रयोगशाला वाहन के माध्यम से जिले के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों में निरीक्षण कर आम जनता व खाद्य कारोबारियों को जागरूक भी किया जा रहा है। मौके पर 97 से अधिक खाद्य नमूनों की जांच किया गया। निरीक्षण के दौरान कुछ फर्मों से अवमानक खाद्य पदार्थों को नष्ट कराया गया तथा जिन प्रतिष्ठानों में कमियां पाई गईं उन्हें सुधार हेतु सख्त निर्देश दिए गए। विभाग द्वारा यह अभियान आगामी दिनों में भी जारी रहेगा, जिससे जिले में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# विधायक आशाराम नेताम ने टीना शेड का किया लोकार्पण, वार्डवासियों संग गरबा कर लिया आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नरहरपुर नगर के वार्ड क्रमांक 10 में विधायक आशाराम नेताम ने वार्डवासियों और भाजपा के पदाधिकारियों की उपस्थिति में टीना शेड का लोकार्पण किया और उसके उ परांत वार्डवासियों के साथ मिलकर उन्होंने पारंपरिक गरबा नृत्य में भाग लिया और लोगों के उत्साह को दोगुना कर दिया। उनके इस सहज और सौहार्दपूर्ण व्यवहार से माहौल और भी उल्लासमय हो गया।

आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान विधायक ने वार्डवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन समाज को जोड़ते हैं और एकता तथा भाईचारे का संदेश देते हैं। उन्होंने आयोजन समिति और वार्डवासियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि गरबा महोत्सव न सिर्फ धार्मिक आस्था का प्रतीक है बल्कि सांस्कृतिक धरोहर को आगे बढ़ाने का माध्यम भी है। रास गरबा महोत्सव में ढोल-नगाड़ों की गूंज, रंग-बिरंगी पोशाकों और पारंपरिक संगीत के बीच पूरा वार्ड उत्साह और उमंग से सराबोर हो उठा। विधायक आशाराम नेताम ने वार्डवासियों के बीच पहुँचकर न सिर्फ गरबा किया बल्कि लोगों के साथ अपनी आत्मीयता को भी साझा किया। वार्ड क्रमांक 10 में आयोजित यह रास गरबा महोत्सव देर रात तक चलता रहा, जिसमें छोटे-बड़े, महिला-पुरुष सभी ने मिलकर गरबा की धुन पर थिरकते हुए उत्सव का आनंद लिया। वार्डवासियों ने कहा कि विधायक को हमारी बीच पाकर बहुत ही अच्छा लगा, यह हम लोगों के लिए बहुत बड़ी बात रही।





आयोजित कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष संतोष भास्कर, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश संचेती, मंडल महामंत्री लक्ष्मी नारायण साहू, मंडल उपाध्यक्ष अघन मरकाम, हेमंत कौशिक, वरिष्ठ कार्यकर्ता आसकरण ध्रुव, हेमंत साहू, निरंजन गंजीर सहित भारी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।

## पॉलीटेक्निक के स्वयंसेवकों ने निकाली स्वच्छता जनजागरण रैली

**कांकेर।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शासकीय पॉलीटेक्निक कांकेर में स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता जनजागरण रैली निकाली गई। रैली संस्था परिसर से प्रारंभ हो के गोद ग्राम नथियानवागांव का भ्रमण करके वापस संस्था में समाप्त हुई। रैली ने गोद ग्राम नथियानवागांव का परिक्रमण कर ग्राम के गोंडवाना भवन में स्वयंसेवकां ने श्रमदान करके साफ-सफाई भी की और उपस्थित ग्रामवासियों को स्वच्छता का संदेश देते हुए स्वस्थ जीवन के लिए इसे आवश्यक बताया। स्वयंसेवकों द्वारा रैली में स्वच्छता बनाए रखने के नारो का उद्घोष कर ग्रामवासियों में स्वच्छता जनजागरण का संदेश पहुंचाया गया तथा ग्राम में लगे स्वास्थ्य शिविर का भी लाभ लिया। रैली के प्रारंभ होने के पूर्व के स्वयंसेवकों को संस्था के प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र सिंह ने अपने घर, गांव, शहर और कार्यक्षेत्र के आसपास साफ-सफाई रखने की शपथ दिलाई।



## सरपंच संघ ने तालाबंदी की दी चेतावनी 29 जनपद पंचायत में लगाएंगे ताला



**दुर्गूकोंदल।** जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल में पदस्थ किए गए उप अभियंता विनय कुमार देवांगन ने अब तक प्रभार ग्रहण नहीं किया है, जिससे पंचायत स्तर पर विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इस स्थिति को लेकर सरपंच संघ में नाराजगी बढ़ गई है।

सरपंच संघ अध्यक्ष शकुन्तला नरेटी, सचिव मुकेश गावडे, जनपद सदस्य पीलम नरेटी, कुबेर दारों, बलराम टेमरिया, नंदकुमार खरे, राजेंद्र नरेटी एवं अन्य सदस्यों ने बताया कि उप अभियंता की अनुपस्थिति के कारण पंचायतों के निर्माण एवं विकास कार्य ठप पड़े हैं। बार-बार अवगत कराने के बाद भी प्रभार ग्रहण नहीं करने से ग्रामीण क्षेत्रों में समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। अध्यक्ष ने चेतावनी दिया है कि यदि 29 सितम्बर 2025 तक उप अभियंता द्वारा प्रभार ग्रहण नहीं किया गया, तो सरपंच संघ के सदस्य जनपद पंचायत में ताला बंद कर विरोध प्रदर्शन करेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि जनपद स्तर पर इंजीनियर की अनुपस्थिति से योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावित हो रहा है। सरपंच संघ ने प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग किया है, ताकि विकास कार्य नियमित रूप से प्रारंभ हो सकें।

## बिजली, रसोई गैस और किराया में बढ़ोतरी से आम आदमी परेशान

**जगदलपुर।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता समीर खान ने जारी बयान में कहा कि जीएसटी के नाम पर आम जनता को सिर्फ और सिर्फ लूटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि बीजेपी द्वारा जीएसटी उत्सव मनाना जनता की भावनाओं के साथ मजाक है, खासकर तब जब छत्तीसगढ़ जैसे राज्य, जो देश को बिजली उपलब्ध कराता है,वहीं के नागरिक 1500 से 3000 रुपए महीने के बिजली बिल भरने को मजबूर हैं। पार्टी के प्रदेश सह संगठन मंत्री समीर खान ने मांग की कि यदि भाजपा को जनता की इतनी चिंता है,तो बिजली के बढ़े हुए बिलों पर तुरंत रोक लगे।सिलेंडर के दाम घटाए जाएं। छोटे व्यापारियों और उद्योगों को जीएसटी से राहत दी जाए। जगदलपुर से रायपुर तक चलने वाली बसों के किराए पर नियंत्रण किया जाए। जीएसटी का लाभ सिर्फ भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को नहीं,आम जनता को भी दिखना चाहिए। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार जनता की नहीं,पूंजीपतियों की हितैषी बन चुकी है।

PRP/GFC
तकनीक द्वारा
गंजेपन का ईलाज
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

## सराधुनवागांव में 2 अक्टूबर को डीजे डांस प्रतियोगिता

**चारामा।** विकासखंड चारामा के ग्राम सराधूनवागांव में श्रीश्री नव दुर्गा उत्सव एवं ग्रामवासी के तत्वाधान में दशहरा के अवसर पर 02 अक्टूबर को राज्यस्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा हैं, जिसमें सामूहिक नृत्य पर प्रथम पुरुस्कार 10000 रूपएं, द्वितीय पुरुस्कार 7000 रूपएं, तृतीय पुरुस्कार 5000 रूपएं, चतुर्थ पुरस्कार 3000 रूपएं, पंचम पुरस्कार 2000 रूपएं, युगल नृत्य पर प्रथम पुरुस्कार 5000 रूपएं, द्वितीय पुरुस्कार 3000 रूपएं, तृतीय पुरुस्कार 2000 रूपएं, एकल नृत्य पर प्रथम पुरुस्कार 3000 रूपएं, द्वितीय पुरुस्कार 2000 रूपएं और तृतीय पुरुस्कार 1000 रूपएं प्रदान किया जाएगा, साथ ही अन्य पुरुस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। उक्ताशय जानकारी अजय नाग ने दिया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, एक्जिमा, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
30 सितंबर 2025 तक बुकिंग कराने पर
11 सीटें शेष
रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 7354-411411

स्वामी जी-93406-38884
ज्योतिर्लिंग
By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थल
यात्रा दिनांक
28 अक्टूबर 2025
10 नवंबर 2025
16 दिसंबर 2025
18 जनवरी 2026
11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

SHREE NARAYANA HOSPITAL
Quality Health Care for All..
NABH ACCREDITED
पेट एवं लीवर रोग विभाग
- दर्दरहित इण्डोस्कोपी, कोलोनोस्कोपी, इण्डोस्कोपिक-सोनोग्राफी एवं ई.आर.सी.पी. का एडवांस सेंटर
- गैस, कब्जियत, पेट दर्द, उल्टी, ज्वाइंडिस (पीलिया), एनीमिया
- लीवर एवं एल्कोहल जनित रोगों हेतु ICU सुविधा (प्लास्मा फेरेसिस सुविधा के साथ)
- पैनक्रियाटायटिस एवं इन्फ्लामेट्री बोवेल डिसीज का उच्च स्तरीय उपचार
- पैनक्रियास, लीवर, पेट, आंत एवं गॉल ब्लेडर आदि के कैंसर की एडवांस सुविधा
आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, सी.जी.एच.एस., सभी कोरपोरेट संस्थाओं एवं सभी इंश्योरेंस कंपनियों से ईलाज की सुविधा उपलब्ध
डॉ. भाविक शाह
Dr. NB (Gastro), MRCP-SCE, UK (Gastro), MNAMS
देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)
www.snh.org.in
9300373737